प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक-09.10.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस को जागते रहो अभियान के तहत मिली सफलता।**
- **थाना देवराहट पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी घटना कारित करने वाले 02 नफर अभियुक्तों को 02 बकरों के साथ किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान "जागते रहो" के क्रम में, आज दिनांक 09.10.2024 को थाना देवराहट पुलिस द्वारा देवराहट रोड से कलुवा ताला ग्राम के आगे मोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की चेकिंग की जा रही थी कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक इको वैन न0 UP91W2641 से कुछ लोग बकरा चोरी करके कलुआ ताला मोदन रोड की तरफ आ रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ईको वैन को आते देख गाडी को रोकने का इशारा किया गया तो वैन में बैठे व्यक्ति पुलिस को देखकर हडबडाकर अपनी ईको वैन को छोडकर भागने लगे तो थाना पुलिस टीम द्वारा घेरकर 02 व्यक्तियों को पकड़ लिया तथा 02 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। पकडे गये व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछा गया तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम 1. सोनू पुत्र खुशीराम निषाद उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम शीतलपुर कोतवाली हमीरपुर जनपद हमीरपुर तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम 2. संजय पुत्र स्व0 रामरतन निवासी गौरा देवी गाँधीनगर थाना कोतवाली हमीरपुर जनपद हमीरपुर बताया। वैन की तलाशी लेने पर 02 बकरा बरामद हुए। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त गण ने बताया कि हम लोग आस-पास के जिलों से बकरे/बकरियां चोरी करके बेच देते हैं तथा आज भी हम लोग इन बकरों को चौरा बाजार में बेचने के लिए जा रहे थे आप लोगों ने पकड लिया। इको वैन न0 UP91W2641 को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। अभियुक्त गण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना देवराहट पर मु0अ0सं0 37/2024 धारा 2(30)/317(2)/317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। भागे हुए अभियुक्त 1. विकास निवासी गौरा देवी गाँधीनगर थाना कोतवाली हमीरपुर जनपद हमीरपुर व 2. सनम निवासी मोहल्ला खटकियाना मूसानगर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं एवं शीघ्र ही गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. सोनू पुत्र खुशीराम निवासी शीतलपुर थाना कोतवाली हमीरपुर जनपद हमीरपुर।
2. संजय पुत्र स्व0 रामरतन निवासी गौरा देवी गाँधीनगर थाना कोलवाली हमीरपुर जनपद हमीरपुर।

बरामदगी

इको वैन नं 0UP91W2641 व चोरी के 02 बकरे।

गिरफ्तार करने वाली थाना देवराहट पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्रीमती ललिता मेहता
2. उ0नि0श्री राजेश सिंह राठौर
3. हे0का0236 अशोक कुमार
4. म0का01275 वंदिता पटेल